## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर कांग्रेस 14 से करेगी भूख हड़ताल

**बड़वारा।** कल 14 जनवरी दोपहर 1 बजे से शासकीय अस्पताल के गेट के पास कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं तथा समाज सेवियों व जन समर्थन के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल की जानी है। जिन मांगों को लेकर कांग्रेस द्वारा भूख हड़ताल की जानी है उनमें 1. स्थाई तौर पर BMO की तैनाती की जाए 2. एंबुलेंस परिचालन की व्यवस्था सुदृढ़ रूप से की जाए ताकि ग्रामीणों को इस सेवा का लाभ मिल सके 3. महिला चिकित्सक की पदस्थापना की जाए 4. शव वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए 5. फ्रीजर की व्यवस्था की जाए 6. रात्रि कालीन व्यवस्था हेतु भी डॉक्टर उपलब्ध कराए जाए 7. जनरेटर की 24x7 व्यवस्था की जाए 8. CT स्कैन मशीन की भी व्यवस्था कर उसे मुफ्त किया जाए 9. मरीजों के परिजनों को रुकने हेतु रैन बसेरा का निर्माण कराया जाना शामिल है। भूख हड़ताल में विकास निगम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़वारा, ओमकार सिंह अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, एवं शैलेश जायसवाल विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, बड़वारा अंशुल राजपूत अध्यक्ष ब्लॉक युवा कांग्रेस बड़वारा अजय सिंह नारायण तिवारी मंडलम अध्यक्ष बड़वारा सहित कांग्रेसजन शामिल होंगे।

### वार्ड स्तर पर आयोजित की जाएगी जल सुनवाई

**कटनी।** नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा मंगलवार 13 जनवरी को वार्ड स्तर पर जल सुनवाई का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जल सुनवाई में आम नागरिक जल आपूर्ति से संबंधित समस्त प्रकार की शिकायत लेकर उपस्थित हो सकते हैं। साथ ही उन्हें प्राप्त होने वाले जल की गुणवत्ता का परीक्षण कराने हेतु जल नमूनों सहित उपस्थित हो सकते है। जल सुनवाई के दौरान नगर निगम कटनी के जल प्रदाय शाखा के अधिकारी, प्रशिक्षित कर्मचारी उपस्थित रहकर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। एवं मौके पर जल की गुणवत्ता की जांच करते हुए नागरिकों को निष्कर्ष से अवगत कराएंगे। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने एवं पेयजल नमूनों की जांच कराने हेतु मंगलवार को वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जल सुनवाई में उपस्थित होकर जल सुनवाई का लाभ प्राप्त करें।

### खाद्य अधिकारियों की टीम ने लिये खाद्य पदार्थों के नमूने

**कटनी।** जिले में नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य विक्रय प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि इसी क्रम में जांच टीम द्वारा शांति नगर स्थित अमन डेयरी, केदार डेयरी एवं माधव नगर स्थित ओंकार डेयरी से दूध के 4 नमूने लिए गये। इसी प्रकार आजाद चौक स्थित मां शारदा डेयरी से दूध एवं पनीर के सैंपल लिए गये। इन सभी नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सिलौंडी और पाली के बीच 14 को होगा फाइनल मुकाबला

**सिलौंडी।** सिलौंडी में चल रही विधायक कप के सेमीफाइनल मुकाबले में सिलौंडी ने पान उमरिया को 6 विकेट से हराकर विधायक कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया ।विधायक कप का फाइनल मुकाबला गुरुवार को सिलौंडी और पाली के बीच खेला जाएगा ।जिसमें क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह विजेता और उपविजेता टीम को पुरुस्कार देकर सम्मानित करेंगे ।

राष्ट्रीय राजमार्ग में झिंझरी चौकी पुलिस ने की कार्यवाही, लोडर वाहन से हो रही थी शराब की तस्करी

# 1.76 लाख रूपए की अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोडर वाहन से शराब की तस्करी करते दो तस्करों को झिंझरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के नेतृत्व में की गई।

### पुलिस को देख भागने लगे

पुलिस के अनुसार बीती रात गश्त के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि अशोक लीलैंड कंपनी का एक लोडर वाहन तेवरी की ओर से कटनी की तरफ अवैध शराब लेकर आ रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल एनएच-30 रोड पर ग्राम देवरीटोला स्थित मेगी प्वाइंट ढाबा के सामने घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध वाहन को रोका गया, चालक और उसका साथी पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन पुलिस स्टाफ एवं राहगीर साक्षियों की मदद से दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

### इन आरोपितों को पकड़ा गया

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम माधव केवट 19 वर्ष निवासी विवेकानंद चौक, लखेरा थाना रंगनाथ नगर एवं गोपी भूमिया 22 वर्ष, निवासी टिकरिया स्कूल के पास, थाना रंगनाथ नगर बताया। वाहन की तलाशी लेने पर 32 पेटी लाल मसाला देशी मदिरा कुल 1600 पाव 288 बल्क लीटर जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 1,76,000 बताई गई। तस्करी में प्रयुक्त लोडर वाहन MP-20-GB-3452 को भी जब्त किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी संगठित रूप से अवैध शराब का कारोबार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अभिरक्षा में लिया है।

विवेचना के दौरान अन्य आरोपियों एवं नेटवर्क के खुलासे की प्रबल संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि पुलिस चौकी झिंझरी द्वारा बीते दो महीनों में अवैध शराब की 06 बड़ी खेपें पहले ही पकड़ी जा चुकी हैं।



### ई रिक्शा चोरी करने वाले मामा-भांजा गिरफ्तार, भेजे गये जेल

एनकेजे पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो रिश्ते में मामा भांजे है। उक्त बदमाश ई रिक्शा चोरी करने के बाद दिन में नंबर प्लेट बदलकर चलाते एवं बाद में छुपा देते थे। थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत ने बताया कि बीते दिनों थाना क्षेत्र से चोरी हुए दो ई-रिक्शा आटो की तलाश टीम बनाकर लगातार की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों क्रमशः प्रदीप सिंह परिहार पिता मदन सिंह निवासी छपरवाह थाना रंगनाथनगर एवं नर्मदा प्रताप सिंह पिता नान दाउ ठाकुर निवासी धिधौरा थाना चचाई जिला अनूपपुर को ई रिक्शा चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया। ई रिक्शा चोरी के मामले में पकड़े गए दोनों ही आरोपी आपस में मामा भांजे हैं। वे दोनों मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। दोनों आरोपियों से पृथक पृथक कडाई से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वे लोग घरों के बाहर खडे ई रिक्सा चोरी कर उनकी वास्तविक नंबर प्लेट बदलकर रात मे आटो चलाते थे। दिन मे सूनसान जगह पर झाडियो मे आटो छुपा देते थे और उनसे होने वाली आमदनी से अपनी नशे की लत को पूरा करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के विरूध्द वैधानिक धाराओं में कार्यवाही करने के उपरांत उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिन्हे न्यायालय द्वारा न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा गया।



कार्रवाई में थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत, थाना प्रभारी रंगनाथनगर अरुणपाल सिंह, सउनि केवल उईके, प्र.आर शैलेष दमोहिया, प्रआर आशीष शुक्ला, प्रआर गोविंद, आर अर्पित पटेल, आर. जज कुमार, आर वीरेंद्र दहायत, रोहित झरिया, एनआरएस से आनंद, सोनू, धुरेंद्र और संदीप खम्परिया की सराहनीय भूमिका रही।



### 3 किलो गांजा व बाइक जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने बाइक से गांजा की तस्करी करते एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित के विरूद्ध पहले से ही मारपीट, आबकारी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में शहर के अलग-अलग थानों में कई मामले जिस बदमाश के खिलाफ दर्ज हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शातिर बदमाश को एसीसी फैक्ट्री रोड से पकड़ा। गांजा सहित मोटरसाइकिल भी जप्त की गई है। थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि भारत चौक झर्रा टिकुरिया निवासी 40 वर्षीय नामजद बदमाश परदेसी पिता रमेश वंशकार को बाइक से गांजा ले जाते हुए गिरफ्तार किया।

पकड़े गए आरोपों के पास से लगभग 3 किलो गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटर साइकिल जप्त की गई है। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश परदेसी शातिर बदमाश है इसके खिलाफ शहर के विभिन्न स्थानों में मारपीट शराब तस्करी विक्रय गुंडागर्दी जैसे कई मामले दर्ज हैं।

*टनल निर्माण कंपनी ने अचानक पुराना हाइवे मार्ग बंद कर दिया था*

## एसडीएम ने किया निरीक्षण, आवागमन के लिए दो दिवस में वैकल्पिक मार्ग बनाने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद में 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल खुदाई का कार्य चल रहा है जिसमें अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन का कार्य स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पर पहुंच गया है जिसके कारण शनिवार की रात से उक्त मार्ग टनल निर्माण कम्पनी के द्वारा मिट्टी डालकर आवागमन बंद कर दिया गया है। अचानक मार्ग बंद होने से राहगीरों के साथ साथ स्थानीय लोगों को आवगमन करने भारी दिक्क़तो का सामना करना पड रहा है, जिससे ग्रामीण नागरिक परेशान हो रहे है।

गौरतलब है कि मार्ग को बंद करने के पहले टनल निर्माण कम्पनी के द्वारा बिना किसी सूचना के शनिवार की रात से पुराने हाइवे से आवागमन बंद कर दिया गया ओर आवागमन हेतु कोई भी वैकल्पिक मार्ग आसपास से नही बनाया गया। प्रशासनिक स्तर से मात्र फोर लेन को वैकल्पिक मार्ग बनाया। आवागमन को लेकर हो रही भारी समस्या के चलते सोमवार को प्रमुखता के साथ ख़बर का प्रकाशन किया गया। साथ ही स्थानीय जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने भी एसडीएम से चर्चा समस्या से निजात दिलाने की मांग की।



सोमवार की शाम एसडीएम राकेश चौरसिया स्लीमनाबाद पुराने हाइवे पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर पुराने हाइवे टनल निर्माण स्थल के दोनों ओर से बात रखी जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार सारिका रावत, आरआई, हल्का पटवारी ओर टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर जगहों का निरीक्षण किया। वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर मार्ग प्रशस्त हुआ। सतीश चंद्र जैन के घर के बाजू से लगे खेत से अजय तिवारी के घर पास वैकल्पिक मार्ग बनेगा जो सीधे वहाँ से होकर पुराने हाइवे पर अजय ट्रेडर्स के पास आएगा। वैकल्पिक मार्ग से मात्र दो पहिया वाहन व पैदल ही आवागमन होगा। चार पहिया के साथ बड़े वाहन बाईपास के रास्ते ही गुजरेंगे। एसडीएम ने टनल निर्माण कम्पनी के अधिकारियो को दो दिवस में वैकल्पिक मार्ग बनाये जाने को लेकर आदेशित किया।

### पुलिस कंट्रोल रूम से निकली हेलमेट जागरूकता रैली



सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत सोमवार को दोपहर 1 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आयोजित रैली का उद्देश्य विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। रैली के दौरान "हेलमेट पहनें – सुरक्षित रहें" एवं "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" जैसे संदेशों के माध्यम से आमजन को प्रेरित किया गया। पुलिस ने नागरिकों को संदेश दिया कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में सिर में चोट से मृत्यु का खतरा अधिक होता है, जबकि हेलमेट के नियमित उपयोग से गंभीर चोट की संभावना 60–70 प्रतिशत तक कम की जा सकती है। कटनी पुलिस का संदेश है कि यातायात नियमों का पालन चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा के लिए किया जाना चाहिए।

## कलेक्टर आज ढीमरखेड़ा में करेंगे सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसके लिए कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पर पहुंच कर जनसमस्याओं और शिकायतों से रू-ब-रू होंगे और उनके निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी मंगलवार 13 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे।

### इन तिथियों को आयोजित होगी जनसुनवाई

जारी कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 20 जनवरी को जनपद पंचायत बहोरीबंद में, मंगलवार 27 जनवरी को जनपद पंचायत रीठी में, मंगलवार 3 फरवरी को जनपद पंचायत बड़वारा में और मंगलवार 10 फरवरी को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक जनपद स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जायेगी।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री तिवारी सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी प्रदान किया है। जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद सभी विभागों के जिला अधिकारी अपने विभाग की संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के मैदानी क्रियान्वयन का जायजा लेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने इस जनसुनवाई कार्यक्रम के आयोजन के लिये संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन्वय अधिकारी जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया है कि इस जनसुनवाई के साथ-साथ जिला स्तर से चयनित आवेदन, शिकायतों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, सीएमहेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय की लंबित आवेदन, शिकायतों का रैंडमली चयन किया जाकर सुनवाई की जावेगी। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि तय दिवसों में किसी भी स्थिति में समक्ष में अनुमति लिये बिना जनसुनवाई कार्यक्रम से कोई भी जिला अधिकारी अनुपस्थित नहीं रहेंगें।


*महापौर ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर जताई नाराजगी*

## 2 वार्डों में सीसी सड़क निर्माण का हुआ भूमि पूजन, महापौर ने वार्डों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

फ़ारेस्टर वार्ड में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद सुनीता कमलेश चौधरी लोक निर्माण प्रभारी डॉक्टर रमेश सोनी सहित मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नगर निगम की प्राथमिकता है। विगत दिनों क्षेत्र में पाइप लाइन कार्य का भूमिपूजन कर नागरिकों को सुविधा की सौगात दी गई थी, और उसी क्रम में अब सुलभ, सुरक्षित एवं सुचारू आवागमन के लिए सी.सी. सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई है। यह सड़क स्थानीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो कि अब पूरा किया जा रहा है।



भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने फ़ारेस्टर वार्ड में पैदल भ्रमण कर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाइप लाइन, सीवर लाइन एवं साफ-सफ़ाई व्यवस्था की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में साफ-सफ़ाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर महापौर ने नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि सफ़ाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और त्वरित रूप से व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए।

इसी तरह रामकृष्ण परमहंस वार्ड अंतर्गत आसमानी माता मंदिर पहुँच मार्ग में सीसी रोड एवं शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। विकास कार्यों के अंतर्गत लगभग 14 लाख रुपये की लागत से आसमानी माता मंदिर पहुँच मार्ग में सीसी रोड निर्माण तथा मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी, वहीं धार्मिक आयोजनों एवं पूजा-पाठ के दौरान श्रद्धालुओं को धूप व वर्षा से भी राहत मिलेगी।

इस दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम का प्रमुख लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का सशक्तिकरण करना है।

विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार में शामिल हुए कलेक्टर एवं अधिकारी

## युवा दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ सामूहिक सूर्य-नमस्कार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सोमवार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, शासकीय तिलक महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ आर पी सिंह, एडीपीसी रमसा अभय जैन, डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी सहित गणमान्य नागरिको, विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में आयोजित युवा दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रुप से सूर्य नमस्कार व योग की क्रियायें एक समय और एक संकेत के अनुसार की। विद्यार्थियों के साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने आकाशवाणी से प्रसारित कार्यक्रम अनुसार एक साथ चरणबद्ध सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।

### सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम

रेडियों प्रसारण के साथ-साथ कलेक्टर श्री तिवारी एवं अधिकारियों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कतारबद्ध होकर प्रार्थनामुद्रा, हस्तउत्सासन, पादहासन, अश्वसंत्वासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन कर सूर्य नमस्कार के सात आसानों की 12 स्थितियों के क्रम को दोहराया। साथ ही अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम भी किया। इसी तरह जिले की सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

आकाशवाणी से प्रसारण अनुसार सर्व प्रथम राष्ट्रगीत, वंदेमातरम् एवं स्वामी विवेकानन्द के संदेश तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण हुआ। इसके बाद उपस्थित समस्तजनों ने लयबद्ध सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।

सूर्य नमस्कार शुरू होने के पूर्व कलेक्टर श्री तिवारी ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया।



## कृषि रथ को किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मुख्यमंत्री द्वारा कृषि कल्याण वर्ष कार्यक्रम का भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का विकासखण्ड मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत के सभागार में सीधा प्रसारण किया गया था। कार्यक्रम में कृषि समिति की सभापति ललता सिंह , समिति के सदस्य सरमन लाल चौधरी, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक आर पी सिंह कृषि केन्द्र पिपरौंध, वरिष्ठ कृषि अधिकारी ए के ऐमा तथा सभी कृषि अधिकारियों के अलावा कृषक मौजूद रहे। कृषि वैज्ञानिक एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारी द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं की तकनीकी संबंधी जानकारी किसानों को विस्तार से दी गई।

कार्यक्रम में कृषि सभापति द्वारा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कृषि रथ विकासखण्ड क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में एक माह तक भ्रमण करते हुए कृषि विभाग के साथ संबंधित विभाग जैसे उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा अपने अपने विभागों की समुचित जानकारी कृषकों तक पहुँचायेंगे।

## खबर संक्षेप



### दो सुअर मार बम जब्त, बदमाश को भेजा जेल

**कटनी।** बरही पुलिस ने बरही-बिचपुरा रोड पर घेराबंदी कर एक युवक को दो जिंदा 'सुअर मार' देसी बम के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति विस्फोटक लेकर शिकार के उद्देश्य से निकलने वाला है। पुलिस ने हनुमान मंदिर के पास नाकेबंदी की। इसी दौरान एक युवक अपाचे बाइक से भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान 20 वर्षीय हपले पारधी निवासी छीदिया टोला, बिचपुरा के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उसके पास से सुतली और सफेद धागे से लिपटे दो खतरनाक देसी बम मिले। पुलिस ने विस्फोटक के साथ ही उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित उप निरीक्षक विनोद कांत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### सिलौड़ी में युवा दिवस पर कॉलेजों एवं स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार



**सिलौंडी।** सिलौंडी में विवेकानंद जयंती के अवसर पर शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी ,कन्या माध्यमिक स्कूल ,शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल और शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। सिलौंडी कन्या हाई स्कूल में सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय,वरिष्ठ रजनीकांत राय ,प्राचार्य विशाल वरकड़े , प्राचार्य चंद्र कुमार परसावर , दिव्या सिंह , तुलसी नामदेव छात्र छात्राओं के साथ सूर्य नमस्कार किया ।वरिष्ठ रजनीकांत राय और शिक्षक जीवन लाल बागरी उनके स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी जीवनी सुनाई ।इस अवसर पर मंडल सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन,अशोक हल्दकार,सुभाष बागरी सहित छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

### प्रवीण बने यादव महासभा के युवा ग्रामीण जिलाध्यक्ष

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद



विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरापटी निवासी प्रवीण यादव, यादव महासभा के युवा जिला ग्रामीण अध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के आदेशानुसार व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह यादव की अनुशंसा पर बनाया गया है !प्रवीण यादव के जिलाध्यक्ष बनने पर यादव समाज जनों ने ख़ुशी व्यक्त करते हुये बधाई दी। वही नवनियुक्त युवा ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गईं है उसका मै दृढ संकल्पित होकर निर्वहन करूंगा।

### यशोदा देवी का निधन

**उमरियापान।** लोकतंत्र सेनानी



स्व. हरभजन चौरसिया की धर्मपत्नि श्रीमति यशोदा देवी चौरसिया का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थीं और जबलपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थीं । वे सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष प्रकाशचंद चौरसिया की माताजी थी। शुशांक चौरसिया, सोमू चौरसिया, डा. इंद्रकुमार चौरसिया की दादी थी । अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## ईएचआरएमएस पोर्टल पर पटवारियों को ऑनबोर्ड कराने कलेक्टर ने दिये निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने पर अधिकारियों का वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों में हैंडपंप व पेयजल स्त्रोतों और पानी की टंकियों की साफ-सफाई करायें। नियमित तौर पर जलस्त्रोतों का क्लोरीनीकरण सुनिश्चित हो। पेयजल से संबंधित शिकायतों पर प्राथमिता से कार्रवाई करें। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का बैंकों से समन्वय कर निष्पादन सुनिश्चत करें। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलंबार मिश्रा मौजूद रहे। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को अपने क्षेत्र के बड़े व्यावसायिक संगठनों से संपत्ति कर वसूलने के निर्देश दिये।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कृषि उपज मंडी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायत नॉन अटेंडेंट पाये जाने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने एल-1 अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। इसी प्रकार राजस्व विभाग के अंतर्गत शिकायत नॉन अटेंडेट पाये जाने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के ओएस का एक दिन का वेतन तथा स्लीमनाबाद तहसील में निम्न गुणवत्ता से शिकायत बंद कराने पर संबंधित कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

इस दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने कृषि, स्कूल शिक्षा, नगर निगम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पीडब्ल्यूडी, परिवहन, वित्त, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी, सामाजिक न्याय और खाद्य विभागों के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये सभी विभागों को लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की।

### राजस्व अधिकारियों को निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसील बड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, बरही, ढीमरखेड़ा और रीठी को एफआरए वनाधिकार पट्टाधारकों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में गंभीर और ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व अभिलेखों की स्कैनिंग कार्यों की समीक्षा के दौरान तहसीलदारों को अपनी तहसीलों से पटवारी कलेक्ट्रेट कार्यालय भेज कर अभिलेखों की स्कैनिंग करवाने की हिदायत दी। उन्होंने सभी तहसीलदारों को ईएचआरएमस पोर्टल पर पटवारियों को शीघ्र ऑनबोर्ड कराने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने फार्मर आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुये इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीएम किसान योजनांतर्गत बैंक से आधार लिंकिंग के लिये एनपीसीआई कैंप लगाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को समर्ग ई-केवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। इस दौरान जानकारी देते हुये बताया गया कि ग्राम पंचायतों में लगने वाले आधार कैंपों में 2 हजार 975 नये आधार बनाये गये जबकि 16 हजार 311 आधार अपडेट किये गये।

### संकल्प से समाधान अभियान

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को 12 जनवरी से शुरू होकर 4 चरणों में चलने वाले संकल्प से समाधान अभियान के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किये। बताया गया कि संचालित शासकीय योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों तथा तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में पहुंचाने के लिये 12 जनवरी से 31 मार्च तक 4 चरणों में 'संकल्प से समाधान' अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शासन की 106 सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जायेगा। अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक आवेदन जमा किये जायेंगे।



## प्रकरणों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर ध्यान केंद्रित करने अधिकारियों को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की धीमी गति होनें से रैंकिंग पर विपरीत असर पड़ता है। अतः सभी अधिकारी दैनिक आधार पर अपनी शाखाओं की लंबित सी एम हेल्पलाइन के प्रकरणों का रिव्यू कर प्राथमिकता से उनपर संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश सोमवार को आयोजित सी एम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक के दौरान नगर निगम उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता ने शाखा प्रमुखों को दिए।

उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा बैठक के दौरान उद्यान शाखा, यांत्रिकी प्रकोष्ठ, सिविल, अतिक्रमण, अस्थाई अतिक्रमण, भवन अनुज्ञा, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, जल प्रदाय विभाग, मुख्य स्थापना, समग्र तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर आगामी रैंकिंग मे उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अभी से शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। सिविल की लंबित शिकायतों हेतु निगम के उपयंत्रियों को दैनिक आधार पर लक्ष्य तय कर प्रतिदिन लंबित शिकायतों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त द्वारा ग्रेडिंग की शिकायतों की समीक्षा की जाकर 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का शीघ्रता से फालो-अप लेकर निराकरण करने के निर्देश दिए

बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को सीएम मानिट, सी एम हाउस, तथा मानवाधिकार आयोग के प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, ई- ऑफिस प्रणाली और समग्र ई-केवाईसी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम तथा निगम प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित की जाने वाली झांकी की तैयारी की रूपरेखा तैयार करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### युवा दिवस पर बहोरीबंद ब्लाक के स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

## युवाओं व देश के सदैव आदर्श रहे है स्वामी विवेकानंद, सामूहिक सूर्य नमस्कार से दिया गया योग का सन्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप मे सोमवार को मनाई गई।इस दौरान स्कूलो में सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। स्लीमनाबाद स्थित सीएम राइज स्कूल में सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक डेढ़ घंटे तक विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार की विभिन्न स्टेप की। इसके साथ ही प्राणायाम भी किया। तीन बार सूर्य नमस्कार की सभी 12 स्टेप करवाई गई। इस दौरान संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय, सविनय तिवारी सहित शिक्षकों की उपस्थिति रही।

स्वामी विवेकानंद जयंती पर विकासखंड स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम महावीर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद मै आयोजित हुआ जहाँ एसडीएम राकेश चौरसिया शामिल हुये। सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित हुआ। योग अपनाकर स्वस्थ जीवन में रहेस्वामी विवेकानंद जंयती पर सभी ने मिलकर योग का संदेश देने का प्रयास किया है। इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया ने कहा कि सभी योग को अपनाकर जीवन को स्वस्थ बनाएं। योग शरीर को निरोगी रखता है। जीवन की ललक जगाता है। उर्जा से सराबोर करता है। आज योग की आवश्यकता है। हम स्वामी विवेकानंद को भी याद करते है। स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं और देश का आदर्श रहे है।

इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा,प्राचार्य महेंद्र राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार सहित महाविद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।वही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बन्धी स्टेशन ,ठाकुर बुध्द सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ा मर्दानगढ़ सहित अन्य स्कूलो मैं भी सूर्य नमस्कार आयोजित किया गया जिसमे विद्यार्थियों, अधिकारी व अन्य लोगों ने एक साथ तीन बार सूर्य नमस्कार किया । सूर्य नमस्कार की विभिन्न 12 स्टेप दोहराई गई। सबसे अंत में प्राणायम किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## विधायक ने हरी झंडी दिखाकर कृषि रथ को किया रवाना



जनपद पंचायत बड़वारा में कृषक कल्याण वर्ष 2026 कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित गणमान्य जनों में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़वारा अनुराग गुप्ता और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर के रावत तथा जनप्रतिनिधियों एवम गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कृषि रथ को बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने रवाना किया तो उपस्थित जनों ने तालियां बजाकर रथ का स्वागत कर विदा किया। इस शुभ अवसर पर क्षेत्र के कृषक एवम पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल, शिव कुमार सोनी ( भैया सोनी), सजल निगम तथा कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सेजहरा बनी साइबर सेफ्टी क्रिकेट कप की विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



खितौली में 25 दिसंबर से प्रारंभ हुआ साइबर सेफ्टी क्रिकेट कप 2025-26 का समापन 11 जनवरी को हुआ। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने को लेकर आमजन को जागरूक करना था, साथ ही ग्रामीण युवाओं और बालिकाओं को खेलों से जोड़कर एक सशक्त भविष्य की ओर बढ़ाना भी रहा। फाइनल मुकाबले में सेजहरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताला बांधवगढ़ को 6 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। सेजहरा टीम को विजेता के रूप में 51,000 रूपए की नकद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि ताला बांधवगढ़ को उपविजेता के रूप में 25,000 की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इसी मैदान पर आयोजित बालिकाओं के फाइनल मुकाबले में टीम कल्पना चावला ने टीम सुनीता विलियम्स को पराजित कर खिताब जीता। यह टूर्नामेंट इस पूरे क्षेत्र में खेला जा रहा इकलौता विमेंस क्रिकेट कप है, जिससे बालिकाओं को खेल के मैदान में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने की नई प्रेरणा मिल रही है टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिएअयाज अनवर को "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट तथा विशाल वीसी को फाइनल मैच में उत्कृष्ट खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामलाल गुप्ता (पूर्व सांसद प्रतिनिधि), काशी प्रसाद गुप्ता (विधायक प्रतिनिधि), सिंगरौली सब इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र सिंह ऋषभ सिंह बघेल (चौकी प्रभारी खितौली), सरपंच सुखसेन सिंह मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी अवधेश प्रताप सिंह गुड्डु रोहित गर्ग गनेंद्र सिंह रघुवंशी मंजू दुबे सत्य प्रकाश तिवारी जितेंद्र सिंह सेजहरा उपसरपंच मनोज तिवारी सूर्य प्रताप सिंह बिरेंद्र सिंह सुभाष सिंह मुकेश विश्वकर्मा सहित एनसीसी के वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### बकाया बिजली बिल जमा करने एवं छूट का लाभ उठाने दी समझाइश

## विद्युत अभियंता ने गाँवों का किया भ्रमण उपभोक्ताओं को योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



समाधान योजना का बकायादार उपभोक्ता लाभ लें इसके लिए विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता डीएन चौकीकर ने तेवरी विद्युत वितरण केंद्र के गावों का दौरा किया। डीएन चौकीकर ने ग्राम बिचुआ में उपभोक्ता सुनील दुबे जिनका बिजली बिल 135007 रूपए एवं ग्राम तेवरी में उपभोक्ता रामरती बाई कोल जिनका बिजली बिल 131641 रूपए बकाया है उनसे मुलाकात कर समाधान योजना 2025-2026 अंतर्गत पंजीकृत कर भुगतान करने हेतु समझाइश दी गई, एवं भुगतान ना करने पे विद्युत विच्छेदन करने हेतु निर्देशित किया गया ।इस दौरान कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सैयाम, आनन्द यादव, दिनेश दुबे, रामानन्द साहू, मनोज यादव, अनिल तिवारी उपस्थित रहे।

तेवरी कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि तेवरी विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत 3816 उपभोक्ताओं पर 1 करोड़ 58 लाख रूपये की राशि बकाया है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बिजली कंपनी ने बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में बड़ी राहत दी है।अब 31 जनवरी तक सरचार्ज मै सौ फीसदी का छूट मिलेगा। उन्होंने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है!यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर 2025 से हुई जो कि 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इसमें बकाया बिल एकमुश्त जमा करने पर 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा। इसके बाद द्वितीय और अंतिम चरण शुरू होगा जो कि 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा।

### बैंड-बाजों के साथ किया महापौर सहित जनप्रतिनिधियों का स्वागत

## विवेकानंद वार्ड में 45.80 लाख से डामर रोड निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम कटनी का सतत प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड तक विकास की रोशनी पहुँचे और नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य को लेकर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में योजनाबद्ध तरीके से निर्माण एवं विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे शहर का आधारभूत ढांचा सशक्त हो रहा है और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

विवेकानंद वार्ड में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की उपस्थिति में लगभग 45.80 लाख की लागत से डामर रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया।

### सभी वार्डों का विकास ही प्राथमिकता : महापौर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शहर के सभी वार्डों का संतुलित एवं समान विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं और बेहतर सड़कों से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलती है। महापौर ने कहा कि एक महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन यदि शहर की महिलाएं, बहनें और नागरिक उनके साथ खड़े हैं, तो वे हर चुनौती का डटकर सामना करते हुए कटनी के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएँगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम का लक्ष्य कटनी को एक स्वस्थ, स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है। क्षेत्रीय पार्षद ने अपने संबोधन में 45.80 लाख की लागत से होने वाली डामर रोड निर्माण कार्य के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया।

### युवा प्रतिभा को मिला प्रोत्साहन

इस अवसर पर महापौर ने विवेकानंद वार्ड की बेटी कुमारी अनुष्का गर्ग, जो फुटबॉल की एक होनहार एवं प्रतिभावान खिलाड़ी हैं और जिन्होंने प्रदेश स्तर पर कटनी का गौरव बढ़ाया है, का सम्मान कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। साथ ही निरंतर लगन,अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ते हुए शहर व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर तक रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के उपरांत महापौर श्रीमती सूरी सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित नगरवासियों ने वार्ड स्थित श्रद्धा का केंद्र श्री त्रिलोकीनाथ मंदिर पहुँचकर भगवान शिव एवं माता पार्वती के विधिवत दर्शन किए। इस अवसर पर सभी ने शहर की सुख-समृद्धि, शांति एवं निरंतर विकास के लिए मंगल कामना की तथा नगर के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।

### गुणवत्ता का रखें ध्यान

कार्यक्रम के अंत में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि डामर रोड निर्माण कार्य गुणवत्ता के सभी निर्धारित मानकों का पालन करते हुए समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके और क्षेत्र में किसी प्रकार की असुविधा न हो।



## करौंदी आश्रम में मनाया ज्ञानयुग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

भावातीत ध्यान के प्रणेता ब्रम्हलीन महर्षि महेश योगी की 109वीं जयंती करौंदी स्थित महर्षि वेद विज्ञान विधापीठ आश्रम में ज्ञानयुग दिवस के रूप में मनाई गई। शुभारंभ वैदिक मंत्रोपचार के बीच गुरू परंपरा के तैलीय चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण से किया गया। वैदिक पंडितों ने शांति पाठ किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महर्षि महेश योगी जी ने प्रत्येक मानव में चेतना जाग्रत करने और उसे स्थायित्व देने के लिए भावातीत ध्यान की एक सरल, सहज एवं प्रयास रहित पद्धति विश्व को प्रदान की है। इसके प्रतिदिन सुबह एवं शाम अभ्यास करने से शारीरिक व मानसिक लाभ प्राप्त होता है।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, समाजसेवी राजेश ब्यौहार, विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया मंडल अध्यक्ष सिलौडी मनीष बागरी संदीप सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह ठाकुर, राजेंद्र चौरसिया राकेश यादव नगर अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया शरद चौरसियामहर्षि विवि के मानवेंद्र पांडे, विधापीठ प्रभारी अरविंद सिंह, सहप्रभारी रतिभान सिंह, रामदरश यादव सहित आश्रम परिवार की उपस्थिती रही।

युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

# सूर्य नमस्कार और प्राणायाम से समाज में आयेगी सकारात्मकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/जबेरा

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी शासकीय /आशासकीय विद्यालयों में दिनांक 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को ‘युवा दिवस’ के उपलक्ष में समारोह पूर्वक मनाने हेतु आदेश प्रसारित किए गए थे उसी क्रम में विकासखंड जबेरा के सभी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं ग्राम के समस्त जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। उसी क्रम में शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पोड़ी मानगढ़ में प्राचार्य श्री रामकिंकर शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम का भव्य एवं दिव्य आयोजन प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात आकाशवाणी के सभी केंद्रों से प्रसारित कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री जी का रिकॉर्डिंग संदेश उपस्थित सभी के द्वारा ध्यान पूर्वक सुना गया एवं सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया गया उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामकिंकर शर्मा, चरण सिंह ठाकुर,ओंकार सिंह, गायत्री मरावी,माया यादव, संध्या दुबे,गायत्री सैनी, दिव्या तिवारी,कुलदीप लोधी, मनोज अहिरवार, सुबरन सिंह घोसी, राजेंद्र यादव,ग्राम पंचायत सरपंच श्री मनोज राय, पूर्व सरपंच एल राय, उप सरपंच राजेंद्र सिंह,हिमांशु राय, नितिन राय, बद्री राय, मदन राय, अंकुर सेन, सहित बड़ी संख्या में ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। उसी क्रम में शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा में भी श्री भाव सिंह जी ठाकुर, राजकुमार उपाध्याय, विनोद मलैया ,बी ई ओ विनोद बाजपेई , के निर्देशन में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में ग्राम के जनप्रतिनिधियों के साथ गण मान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेई के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## स्कूल में हुआ सूर्य नमस्कार



तेजगढ़। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवरी लीलाधर में सूर्य नमस्कार व प्राणायाम का आयोजन किया गया। सूर्य नमस्कार की सभी 12 मुद्राओं एवं अनुलोम, विलोम तथा भस्त्रिका प्राणायाम करते हुए रेडियो के माध्यम से स्वामी विवेकानंद की शिकागो में हुई धर्म सभा और मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन बच्चों को सुनाया गया। शाला प्रभारी मनोहर सिंह ठाकुर ने संबोधित करते हुए बच्चों से कहा की हमें योग को प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए जिससे हम स्वस्थ रहें, निरोग रहे व शारीरिक, मानसिक स्फूर्ति बनी रहे। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जसवंत सिंह, राजेश सिंह सहित सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में हुआ योगासन



तेंदूखेड़ा। सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से सूर्य नमस्कार एवं योगासनो का आयोजन किया गया इसके पश्चात स्वदेशी वस्तुओं को महत्व को बढ़ावा देने हेतु ‘रन फॉर स्वदेशी’दौड़ का आयोजन किया जिसमें लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय के समागार कक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ नन्द किशोर निकोसे सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ी हुई बातों को विद्यार्थियों के बीच में रखा।स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के अंतर्गत मेघसिंह वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं खेलो से सम्बंधित रोजगार के अवसरो उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। आज के कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ खुसबू रावत, एन एन एस पुरुष एकाई के प्रभारी यशवंत अहीरवाल, महिला एकाई की प्रभारी श्रीमती सुमन अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यरत समस्त शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित रहा।

## योग के माध्यम से बच्चों में संस्कार एवं स्वास्थ्य का संदेश



झलौन। ग्राम झलौन में महाराणा प्रताप शिक्षक संघ नवांकुर संस्था द्वारा विद्यालय प्रांगण में सूर्य नमस्कार एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के नेतृत्व एवं जन अभियान परिषद के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक दीपचंद मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। योग अभ्यास सत्र का संचालन मास्टर ट्रेनर आशीष लोधी द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों एवं उपस्थित जनों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं योग के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास संभव है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के संचालक पुष्पेंद्र सेन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलकर युवा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से बच्चों को अनुशासित रूप से योगाभ्यास कराया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विवेकानंद जयंती मनाई गई, जिसमें स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि योग और सकारात्मक सोच से ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर रूपलाल विश्वकर्मा, राजेंद्र साहू सहित संस्था के अनेक सदस्य, ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर किया योग



नरसिंहगढ़। सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ स्थित डी. ए. वी. ज्ञानोदय विद्या मंदिर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी जी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शारीरिक शिक्षक देवेंदु देव शिकधर एवं मोहित पांडेय के मार्गदर्शन पर सूर्य नमस्कार सहित अन्य योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया। हाइडलवर्ग कंपनी इकाई प्रमुख सुरेश दुबे ने विद्यालय के विद्यार्थियों के योग प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी जी ने कहा कि योग करने से हमारे शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। विद्यार्थी जीवन में शारीरिक विकास के लिए, स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए, मन की एकाग्रता के लिए योग आवश्यक है। आप भी अपने दैनिक जीवन में इसे अपनाकर इससे होने वाले लाभ को महसूस करें एवं निरोगी रहें।स्वामी विवेकानंद के अनमोल विचार हमेशा से युवाओं को जीवन में बेहतर करने और देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

## शासकीय कन्या हाई स्कूल में मनाया स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस

पटेरा। शासकीय कन्या हाई स्कूल पटेरा में शासन के निर्देशानुसार विवेकानंद जी का जन्म दिवस युवा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसमें विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी विद्यार्थी एवं बच्चे



विद्यालय में 8:30 बजे उपस्थित हुए तत्पश्चात विद्यार्थियों को 9:00 बजे तक मैदान में सूर्य नमस्कार हेतु एक निश्चित दूरी पर पंक्तिबद्ध किया गया। इसके पश्चात विद्यालय में अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, श्रीमान मुन्ना अवधिया विद्यालय में उपस्थित हुए। तत्पश्चात 925 पर मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया इसके बाद अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधन के द्वारा किया गया। विद्यालय स्टाफ में विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार कटहरे, प्रमोद परोहा, नरेंद्र पटेल, संतोष कटारिया, अरविंद पटेल, प्रदीप सोनी, श्रीमती मीरा तंतुवाय,श्रीमती निशा परोहा, श्रीमती अभिलाषा नेमा एवं अखिलेश सेन की उपस्थिति रही। समय 9:30 बजे से 10 15 तक आकाशवाणी द्वारा प्रसारित वंदे मातरम राष्ट्रगीत विवेकानंद जी की वाणी एवं माननीयमुख्यमंत्री जी संदेश सभी ने सुना। आकाशवाणी से प्रसारित सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को सभी बच्चों एवं संस्था के सभी शिक्षकों ने एक साथ किया। विद्यालय में सभी बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र पटेल द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।



## सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं रन फॉर स्वदेशी का आयोजन

दमोह । शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती ‘युवा दिवस’ के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं ‘रन फॉर स्वदेशी’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य योग प्रशिक्षक भारत दुबे, नरेंद्र कुमार अहिरवाल (पतंजलि युवा भारत, जिला दमोह) एवं छिदामी प्रसाद राठौर, देव राज सिंह ठाकुर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रिया थापा, एन.एस.एस. प्रभारी भारती चौरसिया, डॉ. एन.पी. नायक, वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ. रेखा जैन, डॉ. अरुणा एम. जैन, डॉ. मालती नायक, डॉ. राजू अहिरवार, समस्त महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। मंच संचालन डॉ. अवधेश जैन ने किया।

मोहरा में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न

# जिसका हृदय विशाल और निर्मल होता है, उसे अवश्य प्राप्त होते हैं भगवान: पं. विपिन बिहारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेंदूखेड़ा जनपद के मोहरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। संपूर्ण वातावरण “नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की” जैसे जयकारों से गुंजायमान हो उठा, जिससे क्षेत्र भक्तिमय हो गया।कथा व्यास गोपी पीठाधीश्वर पंडित विपिन बिहारी दास ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से श्रोताओं को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेशों से भाव-विभोर कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण की लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि यह अवतार अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ, जो आज भी मानव जीवन को सही दिशा देने का कार्य करता है। व्यास पीठ से पंडित दास ने मनुष्य जीवन में भगवान के नाम जप और स्मरण की महत्ता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईश्वर मनुष्य से किसी भौतिक वस्तु की अपेक्षा नहीं करते, बल्कि वे केवल थोड़ा-सा समय चाहते हैं। उन्होंने कहा, “भगवान ने आपसे केवल एक ही चीज मांगी है—समय। यदि जीवन का थोड़ा सा समय भी ईश्वर को समर्पित कर दिया जाए, तो उनके दर्शन और सान्निध्य की प्राप्ति सहज हो जाती है।” कथा के दौरान देवकी के अष्टम गर्भ से उत्पन्न कन्या के प्रसंग का भी मार्मिक वर्णन किया गया। पंडित दास ने बताया कि जब कंस ने उस कन्या को शिला पर पटकने का प्रयास किया, तब कन्या आकाश में प्रकट होकर बोली—“तुझे मारने वाला जन्म ले चुका है।” यह प्रसंग अधर्म पर धर्म की विजय का शाश्वत संदेश देता है और भक्तों के हृदय में अटूट श्रद्धा का संचार करता है।इसके पश्चात उन्होंने श्रोताओं को गोकुल की दिव्य यात्रा कराई और बताया कि किस प्रकार नंद बाबा के घर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर आनंद और उल्लास का उत्सव मनाया गया। उन्होंने कहा कि भगवान को ‘आनंद’ स्वरूप माना गया है और जो व्यक्ति महामना होता है—अर्थात जिसका हृदय विशाल और निर्मल होता है—उसे भगवान अवश्य प्राप्त होते हैं, चाहे वह किसी भी जाति, वर्ग या समाज से संबंधित क्यों न हो। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भजन-कीर्तन, आरती और जयकारों के साथ कथा स्थल पर भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सभी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

## भव्य कलश यात्रा से कथा का शुभारंभ



दमोह। नगर शिक्षक कॉलोनी स्थित श्री राम मंदिर के समीप संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भव्य कलश शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। यह आयोजन 12 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। संगीतमय कथा का वाचन पंडित अभिनव शास्त्री जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को सिंहवाहिनी माता मंदिर, प्रोफेसर कॉलोनी से पूजन-अर्चन के उपरांत दोपहर 12 बजे डीजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाएं, बच्चे एवं युवा विशेष रूप से पीले परिधान में शामिल हुए। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और उत्साह के साथ चलती रहीं। कलश यात्रा देवी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर प्रोफेसर कॉलोनी, विवेकानंद कॉलोनी, मुकेश कॉलोनी एवं पाठक कॉलोनी होते हुए कथा पंडाल पहुंची। वहां भागवत बैठकी पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात पंडित अभिनव शास्त्री जी महाराज ने कथा का वाचन करते हुए श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा परीक्षित जन्म और सुखदेव आगमन के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# सेवा सप्ताह के तहत हुए विभिन्न आयोजन




जबेरा। शासकीय महाविद्यालय जबेरा में प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया के मार्गदर्शन में 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। जिसका समापन सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की 163 वी जयंती युवा दिवस के रूप में मनाते हुए किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी का पूजन एवं वंदना कर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात स्वागत वेला में दमोह से उपस्थित संगीत में वरिष्ठ प्रधापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ.अरुणा उज्जैनकर मैडम का स्वागत प्राचार्य डॉ कमल चौरसिया जी के द्वारा किया गया। जिनके द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के मूल पाठ का पूर्ण गायन का प्रशिक्षण एवं इसका संपूर्ण गायन को गाकर अभ्यास किया गया। उसके पश्चात सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ जिसमें समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं द्वारा योग के सभी आयामों का अभ्यास किया गया। इसके पश्चात रन फॉर स्वदेशी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसका महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर बच्चों की दौड़ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ रश्मि तिवारी, सह प्रभारी डॉक्टर भारती कपूर के द्वारा पूरे कार्यक्रम की साप्ताहिक रूपरेखा तैयार की गई और एनएसएस के स्वयंसेवक द्वारा भी बड़ी तन्मयता से अपने कार्य को गति प्रदान की गई। इस दौरान प्राचार्य डॉ कमल चौरसिया द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को बताते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की सीख दी गई। साथ ही वृद्धजनों एवं विकलांगों को फल तथा साल वितरित किया गया जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साप्ताहिक सेवा सप्ताह के तहत महाविद्यालय की छात्रा कीर्ति कुम्हार का स्वास्थ्य अचानक खराब होने के कारण 6 जनवरी 2026 को शासकीय चिकित्सालय जबेरा में एडमिट कराया गया। जिसमें हीमोग्लोबिन की अत्यधिक कमी होने के चलते महाविद्यालय के दो प्रोफेसर डॉ पंकज प्रवीण एवं जितेंद्र अहिरवार द्वारा रक्तदान किया गया। जिससे छात्र के स्थिति में काफी सुधार आया है इसमें महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ भारती कपूर और डॉ रश्मि तिवारी कार्यक्रम प्रभारी एनएसएस स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सेवा सप्ताह के सफल आयोजन पर प्राचार्य डॉ कमल चौरसिया जी के द्वारा साल श्रीफल से सम्मान कर शुभकामनाएं दी गई। जिसमें मुख्य रूप से मोहित पांडे सर, डॉक्टर ममता जैन,अनिल विश्वकर्मा, डॉ रतन पटेल, नम्रता पटेल, डॉक्टर पर्णवी आर्य, डॉक्टर मनोज पंकज डॉक्टर पंकज प्रवीण, डॉक्टर सुखलाल साकेत,धर्मेंद्र चक्रवर्ती, जितेंद्र अहिरवार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस सेवा साप्ताहिक यात्रा के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम प्रभारी डॉ रश्मि तिवारी द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## एक शाम शहीदों के नाम की तैयारियां आज से

हटा। उपकाशी नगर हटा की पावन पुण्य धरा पर देश के बलिदानी अमर शहीदों के नाम हटा विधायक उमा देवी लालचंद खटीक एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के सानिध्य एवं हटा क्षेत्र वासियों के विशेष सहयोग से 30 जनवरी 2026 को थाना परिसर हटा के पीछे स्थित खेल परिसर में आयोजित होने जा रहे एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम की तैयारियों 13 जनवरी दिन मंगलवार से प्रारंभ हो जाएगी। कार्यक्रम आयोजक टीम के सदस्यों ने बताया कि 13 जनवरी मंगलवार दोपहर 1 बजे से नगर के देव श्री गौरीशंकर मंदिर स्थित मंगल भवन में जबलपुर एवं प्रदेश के विभिन्न महानगरों से आ रहे वेल ट्रेंड कोरियो ग्राफरो द्वारा कार्यक्रम हेतु बेटियों को 15 दिवसों तक प्रेक्टिस करवाकर उनकी प्रस्तुति की तैयार करवाएंगे, इसके उपरांत बेटियों एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देगी। यहां आयोजक टीम के सदस्यों ने बताया कि सभी वर्ग एवं परिवारों की बेटियां इसमें हिस्सा ले सकती है और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती है। उन्होंने सभी बेटियों से अपील की है कि इस कार्यक्रम के बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनायें, इसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही है और प्रदेश के बड़े बड़े कलाकार इसमें शामिल हो रहे है।

## भारतीय किसान संघ प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित



दमोह। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसान संघ द्वारा विभिन्न विषयों को लेकर प्रस्तुत की गई मांगों पर विस्तारपूर्वक एवं गंभीर चर्चा की गई। बैठक के दौरान विशेष रूप से रवि सीजन में किसानों को विद्युत प्रदाय से संबंधित विषय पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों द्वारा किसानों को बताया गया कि सिंचाई एवं कृषि कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं एवं उनके संभावित समाधान पर भी चर्चा की गई। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को बैठक के समक्ष रखा। इन मांगों के निराकरण को लेकर संबंधित विभागों द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि किसान संगठन द्वारा प्रस्तुत सभी मांगों एवं शिकायतों के समाधान हेतु आगामी माह में एक ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिसके अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना प्रशासन की प्राथमिकता है और समस्याओं के समाधान के लिए आपसी समन्वय एवं संवाद के माध्यम से कार्य किया जाएगा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# गायत्री परिवार ने पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ कर मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

हटा । समीपस्थ ग्राम खमरगौर स्थित देव श्री हनुमान मंदिर बगीचा धाम परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा शिविर का भव्य आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र, शौर्य संवर्धन के साथ युवाओं में राष्ट्रप्रेम ,आत्मविश्वास ,चरित्र निर्माण तथा आध्यात्मिक चेतना का संचार करना रहा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ का शुभारंभ हुआ, यज्ञचार्य पंडित गिरधर पटेरिया एवं प्रज्ञामंडल मुहरई के पुरोहित द्वारा सर्व समाज के नर नारियों से विधिवत पूजन एवं हवन करवाया गया। बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रीय गायत्री परिजन यज्ञ में सहभागी बनें।भोजन के उपरांत द्वितीय सत्र के युवा शिविर में विभिन्न अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डाला गायत्री परिवार के पं. दिनेश दुबे , जिला पंचायत सदस्य मनीष तंतुवाय, तहसील सहसमन्वयक सुशील सेलट, विलानी महन्त प्रभुदयाल पटेल, रुद्रप्रताप कुसमरिया एवं अनेक वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा स्वामी जी केवल संत नहीं बल्कि ऐसे



युगनायक थे जिन्होंने भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठित किया ,उन्होंने युवाओं को संदेश दिया उठो जागो रुको मत तब तक लक्ष्य प्राप्ति ना हो जाए यह मंत्र आज भी हर युवा के जीवन की दिशा देने में सक्षम है युवाओं को नशा ,आलस एवं निराशा से दूर रहकर शिक्षा, सेवा व अनुशासन का जीवन लक्ष्य बनाना चाहिए राष्ट्र का भविष्य युवाओं पर टिका हुआ है ,उन्हें शारीरिक मानसिक एवं नैतिक रूप से सशक्त बनाना होगा । कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिजन करन सिंह राजपूत, डा उत्तम सिंह हर्दोल्या लोकेन्द्र प्रताप सिंह, लीलाधर पटेल, नारायण सिंह पटेल,परम लाल पटेल, विश्वनाथ नगाइच, सुरेन्द्र खरे हरिनारायण पटेल , रघुवीर पटेल रामभजन पटेल की विशेष उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संचालन हरि नारायण चौकरया एवं आभार बृजलाल लदोरिया द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में गजेंद्र पटेल, कृष्ण प्रताप सिंह,बेनी पिपरैया सहित सभी ग्राम वासियों का योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### ट्रायल रूम निर्माण हेतु 1.50 लाख की राशि स्वीकृत

दमोह। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में ट्रायल रूम निर्माण हेतु पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, म.प्र. शासन द्वारा 1.50 लाख की राशि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत स्वीकृति प्रदाय की गई है। इससे संस्था में गर्भवती महिलाओं को बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं तथा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित होंगी एवं नेशनल क्वालिटी असेसमेंट की गाईडलाईन का भी पालन हो सकेगा।

### राष्ट्रीय सचिव रणविजय सिंह लोचव का आगमन आज

**दमोह।** जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों विधानसभा प्रभारी जिले के समस्त मोर्चा संगठनों से प्रकोष्ठो, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने अनुरोध किया है कि आज 13 जनवरी 2026 को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एव म.प्र. कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी रणविजय सिंह लोचव का दमोह आगमन हो रहा हैं। वह दोपहर 2:30 बजें जिला कांग्रेस कार्यालय में संगठन सजृन अभियान के अर्न्तगत मंडलम अध्यक्ष ग्राम पंचायत/वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन एवं पंचायत मुख्यालयों पर मनरेगा के मुद्दो को लेकर विरोध प्रदर्शन के विषय पर चर्चा करेगे एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगे। कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर का हुआ विमोचन

**हटा।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के द्वारा प्रतिवर्ष वैश्य कैलेंडर निकाला जाता है जिसके क्रम में पूरे मध्य प्रदेश में इस 12वें वर्ष कैलेंडर का विमोचन किया गया इस कैलेंडर में मुख्य रूप से पीछे की तरफ संपूर्ण मध्य प्रदेश के जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी तहसील अध्यक्ष तहसील प्रभारी के नंबर होते हैं जिससे मध्य प्रदेश में कहीं भी जाने वाले वैश्य बंधुओं को अगर किसी भी प्रकार की कोई परेशानी या कोई कार्य पूरे मध्यप्रदेश में होता है तो उन नंबरों पर संपर्क करके अपना काम सरल तरीके से कर सकते हैं इसी क्रम में दमोह जिले की हटा तहसील में भी वैश्य कैलेंडर का विमोचन सिद्धार्थ पैलेस में किया गया जिसमें मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल युवा अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सोनी समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष रवि सोनी, दिनेश सोनी,मुकेश सोनी, अनिरुद्ध ताम्रकार,सौरभ नेमा वैश्य इकाई प्रभारी, जगदीश सोनी,गोविंद चौरसिया,हर्ष साहू,पंकज फौजदार,प्रकाश फौजदार सहित 50 वैश्य बंधुओं की उपस्थिति रही।

## ठंड में रातभर सड़क किनारे पड़ा रहा शव, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व 108 एंबुलेंस

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत



### झलौन-तेंदूखेड़ा मार्ग पर की घटना पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर-जबलपुर स्टेट हाईवे-15 पर रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक किसान की मौत हो गई। सोमवार सुबह राहगीरों ने सड़क किनारे किसान का शव देखा, जिसके बाद तेंदूखेड़ा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची साथ ही 108 एंबुलेंस से पायलट नरेश अठ्ठया डॉ संदीप सिंह लोधी भी मौके पर पहुंचे और शव को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र के शवगृह में रखवाया गया परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पहचान बगदरी निवासी भगवानदास (55) पिता डेलन गौड़ के रूप में हुई है।

#### ट्रैक्टर से धान की दराई कराने गांव गए थे

मृतक के बेटे करोड़ी गौड़ ने बताया कि उनके पिता रविवार को गांव के अन्य लोगों के साथ ट्रैक्टर से धान की दराई कराने के लिए झलौन गांव गए थे। उन्होंने अपनी धान की दराई कराकर ट्रैक्टर से वापस भेज दी थी, लेकिन कुछ काम से झलौन में ही रुक गए थे और थोड़ी देर बाद घर आने की बात कही थी।

बेटे ने आगे बताया कि पूरी रात पिता घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने सोचा कि शायद वे बुआ के यहां रुक गए होंगे। हालांकि, सोमवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनके पिता का शव सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ है।

#### पैदल घर लौटते समय हादसे की आशंका

अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसान झलौन से पैदल अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि झलौन से शाम 5 बजे के बाद आवाजाही के लिए कोई बस उपलब्ध नहीं रहती, वहीं वाहन नहीं मिलने के कारण वह पैदल ही घर के लिए निकले होंगे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह रातभर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े रहे और समय पर इलाज नहीं मिलने से उनकी मौत हो गई यह घटना झलौन-तेंदूखेड़ा मार्ग पर स्थित पानी की टंकी के पास तिपनी चौराहे के समीप हुई। यदि घायल को समय रहते उपचार मिल जाता, तो संभवतः उनकी जान बच सकती थी।

#### अंधा मोड़ हादसे का कारण

वहीं क्षेत्र में सबसे ज्यादा हादसे 27 मील से लेकर झलोन तक होते हैं क्योंकि यह मार्ग राष्टीय मार्ग हैं और इस मार्ग पर कई अंधे मोड है और इस मार्ग स्पीड ब्रेकर का आभाव है साथ ही मार्ग पर कहीं भी सूचना संकेतक बोर्ड नहीं लगे हुए हैं जिससे इन हादसों को रोका जा सके अगर इस मार्ग पर हादसों की बात की जाए तो सालभर में यहां पर 500 से ज्यादा हादसे घटित हो चुकी है और लोगों की जान जा चुकी है या फिर अपंग व घायल हुए हैं।

#### मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू

सोमवार सुबह पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इसके साथ ही आगे की कार्रवाई शुरू करते हुए अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है इस संबंध में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि झलौन मार्ग पर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर जांच की गई। प्रारंभिक जांच में प्रतीत होता है कि अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को टक्कर मारी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। शव रातभर सड़क किनारे पड़ा रहा, जिससे घायल अवस्था में इलाज नहीं मिलने के कारण मौत होने की संभावना है। मामले की जांच जारी है।

## कलेक्टर समाधान में पूर्व में दिए गए आवेदनों का हो रहा चयन

# सचिव पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 3000 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित

**दमोह।** कलेक्टर समाधान के अंतर्गत अब ऐसे प्रकरणों का भी चयन किया जा रहा है, जिनमें आवेदकों द्वारा पूर्व में संबंधित कार्यालयों अथवा लोक सेवा केंद्रों में आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, किंतु निर्धारित समय-सीमा में उनका निराकरण नहीं हो पाया। इसी क्रम में पूर्व में कलेक्टर समाधान में ग्राम पंचायत डोली के आवेदक लक्ष्मण गोंड के प्रकरण का चयन किया गया था, जिसमें आवेदक द्वारा लोक सेवा केंद्र में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया गया था। आवेदन की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि संबंधित ग्राम पंचायत डोली के सचिव द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रकरण का निराकरण नहीं किया गया। जबकि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत उक्त सेवा के लिए निर्धारित अवधि 15 दिवस है, किंतु 15 दिवस की अवधि पूर्ण होने के उपरांत भी 12 दिवस बीत जाने के बावजूद आवेदक को सेवा उपलब्ध नहीं कराई गई। समीक्षा में सचिव द्वारा की गई लापरवाही स्पष्ट होने पर संबंधित द्वितीय अपीलीय अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रकरण को द्वितीय अपील में लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। द्वितीय अपील में प्रकरण लेते हुए ग्राम पंचायत डोली के सचिव पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 3000 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया, तथा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उक्त राशि आवेदक को प्रतिकर के रूप में स्वीकृत की गई। इसी क्रम में आज आयोजित कलेक्टर समाधान में आवेदक को आमंत्रित कर उन्हें प्रतिकर स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया तथा प्रतिकर की राशि का भुगतान उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। कलेक्टर समाधान का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना एवं शासकीय सेवाओं में जवाबदेही स्थापित करना है।

## विभिन्न मांगों को लेकर किसान कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हटा।** क्षेत्र के किसानों को महीनों से भुगतान नहीं होने से किसान आर्थिक तंगी के चलते परेशानियों का सामना कर रहे हैं सरकार की इसी अन्य की खिलाफ किसानों की जायज लड़ाई को मजबूती देने एवं सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओं की ओर आकर्षित करने के लिए किसान कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टर के नाम एसडीएम राकेश मरकाम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही मांगे पूरी करने की हिदायत दी अन्यथा की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराते हुए बताया कि क्षेत्र के किसानों की भावांतर की राशि को जल्द से जल्द किसानो के खाते में डालने का अनुरोध किया राशि ना आने पर 15 तारीख के बाद जिला स्तर पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन राजा पटेरिया जिला अध्यक्ष मानक पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता परम यादव, प्रदीप पटेल, ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीनदयाल पटेल, मोनू पटेरिया, महेंद्र राय, राजेश यादव, नाना देशमुख, शंकर बर्मन, भूपेंद्र अजवानी, राव लखन सिंह, शोभित पटेल, वीरेंद्र उपाध्याय, हाकम सिंह के अलावा सैकड़ो किसानों की उपस्थिति रही।

# स्वास्थ्य एवं आनंदमय जीवन के लिए योग आवश्यक

### जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार युवा दिवस कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्वामी विवेकानंद जी की जन्मजयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर केशव नगर स्थित सरस्वती विद्या बिहार सेकेंडरी स्कूल परिसर में जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि स्वस्थ्य और आनंदमय जीवन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। योग, प्राणायाम एवं ध्यान को नियमित रूप से अपनाने से शारीरिक व मानसिक संतुलन प्राप्त होता है।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि जिले के



विद्यालयों में इस प्रकार के रचनात्मक एवं स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन सराहनीय है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संदेश में युवाओं से योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी शेंडये जी ने कहा कि भारत एक युवा देश है, जहां 40 वर्ष से कम आयु के युवाओं की संख्या 54 प्रतिशत से अधिक है। यदि युवा पीढ़ी योग को अपनाती है तो स्वस्थ्य, सकारात्मक एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है। योग से सकारात्मक ऊर्जा एवं सकारात्मक विचारों का विकास होता है। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से जुड़े प्रशांत असाटी ने युवाओं से सूर्योदय से पूर्व उठकर दिन की शुरुआत योग एवं प्राणायाम से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित सूर्य नमस्कार और प्राणायाम से व्यक्ति के साथ-साथ समाज का वातावरण भी सकारात्मक बनता है।

कार्यक्रम प्रशांत असाटी एवं के.के. परोहा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान अतिथियों ने भारत माता, माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में उपस्थित विद्यार्थियों को योग कारपेट देकर सम्मानित किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, प्रशांत असाटी के नेतृत्व में सभी प्रतिभागियों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, विद्या भारती मध्य प्रांत के अध्यक्ष विवेक शेन्डेय, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी वाई ए कुरैशी, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, सुशील गुप्ता, नर्मदा सिंह एकता, अभिनंदन मोदी, महर्षि पतंजलि योग पीठ से श्री परोहा, दीपक राजपूत, गायत्री शक्तिपीठ से पंकज हर्ष श्रीवास्तव, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद दमोह सुशील नामदेव, डॉक्टर आलोक सोनवलकर, क्रीड़ा अधिकारी गगन कनोजे, जिला योग प्रभारी अशोक पाठक, विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक गण सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे एवं आलोक सोनवलकर तथा आभार मोहन राय द्वारा किया गया।

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर प्रदर्शनी का आयोजन



दमोह। टाईम्स महाविद्यालय के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी के 164 वें जन्मदिवस एवं युवा दिवस के अवसर पर संस्था की प्राचार्या डॉ मनजीत कौर साहनी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों एवं उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय में प्रदर्शनी के माध्यम से उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं का सचित्र वर्णन किया गया। इस अवसर पर युवा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नुक्कड. नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसके माध्यम से वर्तमान समय में प्रचलित सायबर ठगी, डिजीटल अरेस्ट व ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता प्रदान की गई। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की महिला/पुरूष यूनिट के छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ ने मिलकर सूर्य नमस्कार किया। जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सजंय विश्वकर्मा एवं शिक्षकगणों की उपस्थिति रही।

## सांसद राहुल सिंह की बेटी संस्था सिंह का आकस्मिक निधन

**दमोह।** दमोह संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद राहुल सिंह लोधी की पुत्री संस्था सिंह का अल्प आयु मे ऐम्स हास्पिटल दिल्ली मे इलाजरत रहते हुये आकस्मिक निधन हो गया। इनकी अंतिम शव यात्रा मे दमोह कलेक्टर सहित शासन प्रशासन के अनेक जनप्रतिनिधियों, आला अधिकारियों, मीडिया मित्रों के अलावा सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शोक संवेदना व्यक्त की। मृत आत्मा की शांति के लिये श्रध्दांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाया।

#### मुख्यमंत्री ने दु:ख व्यक्त किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांसद राहुल सिंह की सुपुत्री सुश्री संस्था सिंह के अल्पायु में आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांसद श्री लोधी की सुपुत्री के निधन का समाचार व्यथित करने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## रन फॉर स्वदेशी में दिखा युवाओं और प्राध्यापकों का जोश

### स्वदेशी जागरण के पदाधिकारियों ने किया युवाओं को संबोधित




**दमोह।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर प्राचार्य डॉ आलोक जैन के नेतृत्व में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के मुख्य गेट से किल्लाई नाका तक दौड़ आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकों, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ भाग लिया। इस दौरान वंदेमातरम, इंकलाब जिंदाबाद और भारत माता की जय और स्वदेशी जागरण संबंधी नारों से आसमान गूंज उठा। इस दौड़ में स्वदेशी जागरण मंच की जिला सह संयोजक डॉ प्रिया खरे, जिला महिला आयोग प्रमुख डॉ मोनिका पालीवाल और जिला महिला सह आयोग प्रमुख श्रीमती ऋतु अग्रवाल ने भी भाग लिया। डॉ मोनिका पालीवाल ने युवाओं को भारत को आत्मनिर्भर बनाने तथा हर व्यक्ति के स्वावलंबन के लिए स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया और सर्किल में युवाओं को संबोधित किया। वहीं डॉ प्रिया खरे ने स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी जागरण के लिए शपथ दिलाई। रन फॉर स्वदेशी के पूर्व महाविद्यालय परिसर में क्रीड़ा अधिकारी डॉ वी पी सिंह ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित जनों ने सूर्य नमस्कार किया। सूर्य नमस्कार के बाद स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर पर वक्ताओं और विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ आलोक जैन ने कहा कि के स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं हमें उनके सिद्धांतों को और उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए युवा शक्ति ही भारत को समृद्ध बना सकती है युवाओं को अपने दायित्वों को अपने कर्तव्यों को समझना चाहिए और देश के लिए अपना योगदान देना चाहिए। डॉ हरिओम दुबे, डॉ पवन जैन, डॉ रमेश अहिरवार सहित एन एस एस के विद्यार्थी निवेश बी प्रसाद और कुं वंदना पटेल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ इंदिरा जैन ने किया। इस दौरान एनएसएस., एन सी सी के विद्यार्थियों के अतिरिक्त महाविद्यालय के स्टाफ की उपस्थिति रही।

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, दो महिलाएं सहित तीन घायल

**तेजगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हरई स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के सामने सोमवार शाम एक सड़क दुर्घटना हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरई के रिछ्याउ निवासी रघुवीर सिंह पिता दशरथ सींग पंद्रों 40 बर्ष जो तेजगढ़ से बाजार से खरीदारी कर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में रघुवीर सिंह सहित दो महिलाएं भी घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## कस्तूरबा गांधी छात्रावास में आयोजित की गई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला कुष्ठ अधिकारी डॉक्टर रीता चटर्जी एवं सीबीएमओ हटा डॉ उमाशंकर पटेल के मार्गदर्शन में ब्लॉक हटा अर्बन मे रविवार के दिन बालिकाओं को इस रोग के संबंध में जानकारी दी गयी। कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास हटा में निवासरत बालिकाओं को जानकारी देते हुए चर्म रोग से संबंधित दाग धब्बे सुन्नपन का परीक्षण किया जिसमें सभी बालिकाएं स्वस्थ पायी गयी। यहां कुष्ठ रोग के लक्षणों एवं उससे होने वाली परेशानी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह रोग लाइलाज नहीं है इसे निरंतर 6 माह या 12 माह के उपचार के द्वारा ठीक किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में सिविल अस्पताल हटा से एन एम ए दशरथ प्रसाद कोरी , आशा सुपरवाइजर राबिया कुरैशी एवं नवोदय वार्ड की आशा कार्यकर्त्ता मीना साहू और छात्रावास अधीक्षक रश्मि सोनी का विशेष सहयोग रहा।

## किसान कांग्रेस जनआंदोलन यात्रा को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला किसान कांग्रेस जन आंदोलन यात्रा को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के मुख्य अतिथ्य में जिला किसान काग्रेस कमेटी द्वारा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया और नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि वह बैठक करने नहीं किसानों के खेतो के गांव में जाकर उनकी समस्याओं पर जनसंवाद करने आये है। मुख्यमंत्रीं किसानों का अभिनंदन भर कर रहे है किन्तु जो समर्थन मूल्य की बात उन्होंने कही थी उस पर चुप हो जाते है। पूर्व मंत्री राजा पटैरिया ने कहा कि किसान एक ऐसा नाम है जिससे सब समाज धर्म के लोग जुड़े होते है किन्तु भाजपा सरकार उन्ही किसानों के साथ छलावा कर रही है।

पूर्व विधायक अजय टडन ने कहा कि किसानों की कर्जमाफी की घोषणा कमलनाथ ने की थी और



कांग्रेस सरकार आयी थी आज हमारी सरकार होती तो अधिकांश किसानों के कर्जा माफ हो जाते। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा ने कहा कि किसानों की फसलो का वाजिव दाम नहीं मिल रहा। डीजल, यूरिया एवं अन्य संसाधनों के दाम बढ़ गये है किन्तु किसानों की फसलों की कीमत जब की तस है। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीवान अमर सिंह ने कहा कि कई ब्लाकों में भावांतर की राशि नहीं दी गई उसके लिये हमें जिनती आवाज उठाना पड़ेगी हम किसान की लड़ाई लड़ाई लड़ेगे। महेन्द्र प्रताप सिंह, लालचंद राय, प्रदीप पटेल, परम यादव, रजनी ठाकुर, भूपेन्द्र आजवानी, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, बबलू भटट, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, मुंखतार जाफरी, विजय बहादुर, मदन सुमन, राजेश तिवारी, मंजीत यादव, डी.पी. पटैल, अलीम खान, उवेद गौरी, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरेशी, कमला निषाद, अभिषेक यादव, रियाज खान, अजय जाटव दिनेश रैकवार, अरविन्द अवस्थी, पप्पू लारिया, अमित नामदेव, लाखन सिंह ने भी कहा कि भाजपा सरकार ने जनता के विभाग में धर्म का ऐसा चसका चढ़ा दिया है कि जब कोई किसान की समस्या आती है तो वह श्रीराम मंदिर की बात करने लगते है। नगर के पार्षद विक्रम ठाकुर, पप्पू कसोटया, अफजल खान, जीशान पठान, बाबूलाल पटैल सहित दमोह ब्लाक से पप्पू कुशवाहा, ए.के. चिश्ती, अभाना से दुर्गेश नामदेव, नीलेश यादव, राघवेन्द्र सिंह, अशोक विश्वकर्मा, विन्दू पटैल, इमलिया से सुनील सिंह, अरविन्द सिह, पथरिया से प्रदीप पटेल, जबेरा से अखिलेश सोनी, हिन्डोरिय से योगेश पटेल, विनोद पटेल, धर्मेन्द्र पटैल सहित अनेको कांगेसजनों की उपस्थिति रही ज्ञापन हटा ब्लाक पहंचकर दिया गया।